तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री से.
न्यूनतम 18.0 डिग्री से.

हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि

रोहतक, गुरुवार 22 अक्टूबर 2026

10 जवानों की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा....



10 नरवाना का विकास ही लक्ष्य : मंत्री बेदी



खबर संक्षेप

निर्माणाधीन मकान से हजारों का सामान चोरी

जींद। गांव ईगराह के पूर्व सरंपच के निर्माणाधीन मकान से बीती रात चारों ने काफी संख्या में उपकरणों, औजारों तथा अन्य सामग्री को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव ईगराह के पूर्व सरपंच मेहर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह जामनीखेड़ा रोड पर मकान का निर्माण कर रहा है। बीती रात चोरों ने मकान से पीतल के हुक, चार बंडल तार, कटर मशीन, चार ग्राइंडर मशीन, चार डाई, गैस सिलेंडर, सरिया समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया।

जींदः विकास नगर में रक्तदान शिविर कल

जींद। विकास नगर में युवा विकास समिति जींद के द्वारा 23 अक्टूबर को भाई सुरेंद्र कुमार मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। समिति अध्यक्ष प्रदीप रेढू ने बताया कि इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राधेश्याम शर्मा करेंगे व युवाओं की हौंसलाअफजाही करेंगे। यह रक्तदान शिविर सुबह नौ बजे से शुरू होकर दो बजे तक चलेगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि शिविर में बढ़चढ़ कर भाग लें।

संदिग्ध हालात में महिला लापता, मामला दर्ज

जींद। राज नगर से महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। राज नगर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 16 अक्टूबर रात को परिवार के सभी लोग खाना खाकर अपने कमरों में सोए थे। सुबह जब वे सोकर उठे तो उसकी 38 वर्षीय पत्नी घर से गायब मिली। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नही लगा। उसकी पत्नी का फोन कभी खुल रहा है तो कभी बंद हो रहा है।

शिविर में 500 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य जांचा

नरवाना। श्री 108 श्री महंत मछंदर पुरी महाराज वेलफेयर धर्मार्थ ट्रस्ट दनौदा द्वारा एक विशाल स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में उकलाना मंडी के हॉस्पिटल, सद्भावना हॉस्पिटल, जींद के लाइफलाइन ब्लड बैंक तथा नरवाना के गोपी आई हॉस्पिटल की टीमों ने मिल-जुलकर अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर के दौरान 500 से अधिक मरीजों की जाँच कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श दिया व रक्तदान शिविर में 100 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

कैथल। गुहला में दुसेरपुर मोड़ के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक महिला की पहचान रामथली निवासी कलाशो देवी (42) के रूप में हुई है। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक के अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव रामथली निवासी साहिब सिंह ने बताया कि 20 अक्टूबर को वह अपनी बाइक पर भाभी कलाशो देवी और उसके बेटे तसील कुमार के साथ चीका जाने के लिए निकला था।

अफीम सप्लाई मामले में आरोपी गिरफ्तार

कैथल। सीआईए-1 पुलिस द्वारा अफीम सप्लाई करने वाले आरोपी को भी काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए-1 पुलिस प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एएसआई कमलजीत की टीम द्वारा आरोपी लैड बंजारा कलां पंजाब निवासी लाली को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 20 मार्च को सीआईए-1 पुलिस के बिजेंद्र सिंह की टीम ने आरोपी डेरा भाग सिंह चीका निवासी बलजीत कुमार को काबू किया गया था।

गुरुग्राम और नूंह जिलों को बिजली सप्लाई लाइसेंस रद्द किए जाने की मांग

बिजली कर्मियों ने लाइसेंस की प्रतियां फूंकीं

आज से तीन दिवसीय प्रस्तावित हड़ताल में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा पावर इंजीनियर और कर्मचारी सांझा मोर्चा के संयुक्त आह्वान पर बिजली निगम कर्मियों ने बुधवार को कार्यालय के गेट बंद कर प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। निगम कर्मियों ने हरियाणा सरकार द्वारा गुरुग्राम और नूंह जिलों को बिजली सप्लाई हेतु सरकारी सिस्टम के पेरलेल बिजली सप्लाई का लाइसेंस दिए जाने को लेकर रोष जताते हुए इसे रद्द करने की मांग की। सर्किल जींद के बिजली कर्मचारीयों ने सरकार द्वारा पावर 11 कंपनी को दिए लाइसेंस की प्रतियां भी जलाई गई। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विकास मलिक ने कहा कि सरकार द्वारा बिजली क्षेत्र में लिए जा रहे कर्मचारी एवं उपभोक्ता विरोधी निर्णयों, स्मार्ट मीटर योजना, बिजली वितरण निगमों के पुनर्गठन, पावर लाइसेंस जारी करने तथा कर्मचारियों की लंबित मांगों की लगातार अनदेखी के कर कर्मियों को आंदोलन के लिए मजबूर कर रही है। प्रदेश के कच्चे व पक्के फोरमैन, जेई, एसडीओ, एक्सईएन, एससी लेवल तक के अधिकारी 22 से 24 अक्टूबर को कलम छोड़ हडताल पर रहेंगे। प्रदेशभर के लगभग 45 हजार बिजली कर्मचारी हडताल में शामिल होंगे। कहा कि बिजली का निजीकरण उपभोक्ताओं के हक में नही है अगर बिजली प्राइवेट हाथों में चली गई तो बिजली के रेट महंगें हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने समय रहते कर्मचारियों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया है। जिससे आंदोलन को और तेज किया गया है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे आगामी 22 से 24 अक्टूबर की प्रस्तावित हड़ताल में बढ़चढ़ कर भाग लें। इस मौके पर इंजीनियर अमित सिंह, अनिल पूनिया, धर्मबीर भम्भेवा, सीता राम पांचाल, सुनील छाछिया, जोगिंदर अलेवा, नरेंद्र, भारत भूषण, मनोज कुमार, अमित कुमार तथा अन्य काफी कर्मचारी मौजूद रहे।



निगम कार्यालय के सामने प्रतियां फूंक कर रोष जताते हुए कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*

सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप, किसान संगठन, किसान सभा-खाप समर्थन का दावा



काम छोड़ो हड़ताल करने का ऐलान

उचाना। बिजली वितरण के लिए 11 पॉवर कंपनी को लाइसेंस जारी करने के विरोध में बिजली निगम के कर्मचारियों ने कार्यालय के गेट पर लाइसेंस की प्रतियां जलाकर रोष जताया। कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए 22 से 24 अक्टूबर तक काम छोड़ो हड़ताल करने का ऐलान किया। बिजली निगम के कर्मचारी और अधिकारी संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर तीन दिनों तक हड़ताल पर रहेंगे।

एपीएस राज्य कमेटी के प्रेस प्रवक्ता कर्मबीर कापड़ो ने कहा कि 22 से 24 अक्टूबर तक होने वाली हड़ताल सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में की जा रही है। प्रत्येक कर्मचारी इस हड़ताल में भाग ले रहा है। किसान संगठनों, किसान सभा और खापों ने भी कर्मचारियों की मांगों को समर्थन दिया है। कर्मबीर कापड़ो ने आरोप लगाया कि करीब दो महीने पहले सरकार ने कर्मचारियों को 10, 11 और 12 तारीख को आश्वासन दिया था कि बिजली वितरण के लिए समानांतर लाइसेंस जारी नहीं किए जाएंगे और स्मार्ट मीटर नहीं लगाए जाएंगे।



पूंडरी। सरकार के आदेश की प्रतियां जलाते कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*

पूंडरी: कर्मचारियों ने सरकार के आदेश की प्रतियां जलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

हरियाणा में बिजली वितरण व्यवस्था को निजी हाथों में सौंपने के मुद्दे पर विवाद गहराता जा रहा है। गुरुग्राम और नूंह में निजी कंपनी इलेवन पावर प्राइवेट लिमिटेड को 25 साल के लिए समानांतर बिजली वितरण लाइसेंस दिए जाने के फैसले के विरोध में बिजली कर्मचारी लामबंद हो गए हैं। हरियाणा बिजली नियामक आयोग के इस फैसले के खिलाफ कर्मचारी संगठनों ने 22 से 24 अक्टूबर तक प्रदेशव्यापी तीन दिवसीय हड़ताल का ऐलान किया है। वहीं, हरियाणा सरकार ने भी आयोग के फैसले को चुनौती देने की बात कही है। पूंडरी में कर्मचारियों ने यूनिट प्रधान जितेंद्र बाकल के नेतृत्व में सरकार के आदेश की प्रतियां फूंकी।यूनियन का कहना है कि गुरुग्राम और नूंह जैसे क्षेत्रों में निजी कंपनी को बिजली वितरण का लाइसेंस देना सरकारी बिजली निगम के हितों और कर्मचारियों के भविष्य के लिए चिंता का विषय है। कर्मचारियों को आशंका है कि इस व्यवस्था से सरकारी निगम के राजस्व और रोजगार पर असर पड़ सकता है। हालांकि, आयोग के फैसले के समर्थकों का तर्क है कि निजी कंपनी के आने से बिजली आपूर्ति और उपभोक्ता सेवाओं में सुधार हो सकता है।

नाबालिग दो सगी बहनों का कार सवारों ने किया अपहरण

चार घंटे बाद आरोपी गली में छोड़कर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहर थाना इलाके से कार सवार तीन युवकों ने दो नाबालिग बहनों अपहरण कर लिया और उनके साथ अशील हरकत करने का मामला सामने आया है। महिला थाना पुलिस ने पीड़ित लड़कियों के पिता की शिकायत पर तीन युवकों के खिलाफ अशील हरकत करने, अपहरण करने, चाइल्ड प्रोटेक्शन एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर थाना इलाके के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 19 को उसकी 14 व 12 वर्षीय बेटी स्कूल में जा रही थी। मेन सड़क पर निकलते ही मोहल्ले के ही हन्नी, बादल तथा ललित ने उसकी बेटियों को गाड़ी में बैठा लिया। जिसके बाद आरोपित उसकी बेटियों को इधर-उधर गाड़ी में घुमाते रहे। इस दौरान आरोपितों ने उसकी दोनों बेटियों के साथ अश्लील हरकत भी की।

युवक का अपहरण कर कार सवारों ने पीटा

जींद। मांडी कला में बीती रात सड़क पर दोस्त संग घूम रहे युवक का दो कारों में सवार अज्ञात लोगों ने अपहरण कर लिया और मारपीट की। बाद में आरोपित युवक को पड़ोसी गांव संडील के निकट डाल कर धमकी देते फरार हो गए। उचाना थाना पुलिस ने युवक की शिकायत अज्ञात सात-आठ लोगों के खिलाफ अपहरण करने, मारपीट करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मांडी कलां निवासी राजेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात वह अपने दोस्त मनीष के साथ किठाना से संडील रोड पर घूमने निकाला था। शराब ठेके से निकलते ही पीछे से आए दो कारों में सवार लोगों ने उन्हें रोक लिया।

कैथलः अवैध पटाखों की 160 पेटियां बरामद

राकेश निवासी वार्ड नंबर 14 इंद्रा कॉलोनी पूंडरी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट कैथल तथा थाना पूंडरी पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते पूंडरी की इंद्रा कॉलोनी में मकान के साथ लगते बाड़े से अवैध पटाखों की 160 गत्ता पेटियां बरामद की हैं। बरामद पटाखों की पेटियों का वजन 1245.276 किलोग्राम पाया । पुलिस ने मौके से आरोपी राकेश कुमार निवासी वार्ड नंबर 14, इंद्रा कॉलोनी, पुण्डरी को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 20 अक्टूबर को स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी पीएसआई संदीप की अगुवाई में एएसआई बलकार सिंह की टीम को गुप्त सूचना मिली कि राकेश कुमार निवासी वार्ड नंबर 14, इंद्रा कॉलोनी, पुण्डरी ने अपने मकान के साथ लगते बाड़े में बिना लाइसेंस के बिक्री के लिए बम-पटाखों की पेटियां रखी हुई हैं। इन विस्फोटक सामग्री से आमजन के जीवन को खतरा पैदा हो सकता है। सूचना मिलने पर स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट पुलिस तथा थाना पूंडरी प्रभारी पीएसआई सुनील कुमार की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए रेडिंग पार्टी तैयार की और आरोपी के मकान के साथ लगते बाड़े पर पहुंची। पुलिस टीम को देखकर बाड़े में खड़े एक व्यक्ति ने लोहे का गेट अंदर से बंद करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस कर्मचारियों ने गेट खुलवाकर उसे काबू कर लिया। पूछताछ में उसकी पहचान राकेश कुमार निवासी वार्ड नंबर 14, इंद्रा कॉलोनी, पुण्डरी के रूप में हुई। पुलिस टीम ने बाड़े में रखी गत्ते की पेटियों की जांच के लिए एलएफएम दर्शन सिंह को मौके पर बुलाया। उनके द्वारा पेटियों की जांच करने पर उनमें बम-पटाखे (चट्टर-पट्टर) होने की पुष्टि हुई।





शिवांगी को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधक कुलबीर दीक्षित व प्रधानाचार्य सतपाल सिंह।

शिवांगी ने एचसीएस परीक्षा में हासिल किया 80वां स्थान

राजौंद। क्षेत्र के गांव कोटड़ा की बेटी शिवांगी ने हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) की एचसीएस परीक्षा में 80वां स्थान हासिल कर गांव, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शिवांगी की इस उपलब्धि से गांव में खुशी की लहर है। उनकी सफलता पर बुधवार को ज्ञानदीप स्कूल राजौंद में सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्कूल प्रबंधक कुलबीर दीक्षित और प्रधानाचार्य सतपाल सिंह ने शिवांगी को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।स्कूल प्रबंधक ने बताया कि शिवांगी ने ज्ञानदीप स्कूल से 11वीं और 12वीं कक्षा की पढ़ाई पूरी की थी। उन्होंने कहा कि शिवांगी की उपलब्धि विद्यालय के साथ-साथ क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए भी गर्व का विषय है। उनकी सफलता युवाओं को मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।शिवांगी ने दसवीं कक्षा तक की पढ़ाई गांव के सरकारी स्कूल से की।

हादसे में युवक की मौत, लगाया जाम

- ट्रैक्टर-ट्राली और बाइक के बीच हुई टक्कर, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

मंगलवार रात करीब साढ़े आठ बजे पापसर रोड पर ट्रैक्टर-ट्राली और बाइक के बीच हुई टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि बाइक पर पीछे बैठी उसकी दादी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मृतक के परिजनों और कांगथली के ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर थाना सीवन के सामने जाम लगा दिया। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझाया, जिसके बाद जाम खुलवाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव ककहेडी निवासी पूर्ण सिंह ने थाना सीवन में दी शिकायत में बताया कि मंगलवार रात उसका पुत्र नवजोत सिंह अपनी दादी बलवीर कौर को मोटरसाइकिल पर लेकर गांव की ओर आ रहा था। रात करीब साढ़े आठ बजे पापसर रोड पर कांगथली की तरफ से एक ट्रैक्टर-ट्राली आ रही थी। आरोप है कि ट्रैक्टर चालक ने बिना इंडिकेटर दिए अचानक डेरा जाने वाले रास्ते की ओर कट मार दिया। इसी दौरान पीछे से मोटरसाइकिल पर आ रहे नवजोत सिंह ने ट्रैक्टर-ट्राली से बचने का प्रयास किया, लेकिन मोटरसाइकिल ट्राली से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि नवजोत सिंह को पेट सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं, जबकि उसकी दादी बलवीर कौर भी हादसे में घायल हो गई। टक्कर के बाद मोटरसाइकिल सड़क के दूसरी ओर जा गिरा।





जींद। नस बस अड्डा के निकट पलटा ट्रैक्टर। *फोटो :हरिभूमि*

हाइवे न्यू बाईपास पर तूड़े से लोड ट्रैक्टर-ट्राली पलटे

जींद। नए बस अड्डे के निकट बुधवार को गोहाना रोड ओवरब्रिज हाइवे से उतरते ही न्यू बाईपास पर तूड़े से लोड ट्रैक्टर ट्राली पलट गए। जिससे मेन रास्ता बाधित हो गया। हालांकि घटना में किसी को चोट नही आई। ट्रैफिक पुलिस ने मौके पर पहुंच यातायात को नियंत्रित कर अप्रोच रोड से वाहनों को निकाला। शाम तक ट्रैक्टर ट्राली को हाइवे से हटाया जा सका। बुधवार को रोहतक की तरफ से तूड़े लोड ट्रैक्टर ट्राली न्यू बाईपास से नरवाना की तरफ जा रहा था। नए बस अड्डे के निकट ओवरब्रिज से उतरते समय ट्रैक्टर ट्राली पलट गए। हालांकि घटना को किसी को चोट नही आई लेकिन हाइवे का मेन रास्ता बाधित हो गया। हाइवे बाधित होने की सूचना पाकर ट्रैफिक थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हाइवे पर रखी भारी भरकम बेरिकेटिंग को हटा कर अप्रोच रोड की तरफ डाईवर्ट कर दिया। हालांकि वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

टीम ने पनीर, दूध तथा रिफाइंड ऑयल के सैंपल लेकर भेजे लैबोरेटरी

खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम ने 140 किलो पनीर व 700 लीटर दूध करवाया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम ने बुधवार को उचाना में दूध डेयरी पर दस्तक देकर 140 किलाग्राम पनीर तथा 700 लीटर दूध को नष्ट करवाया है। टीम ने डेयरी से दूध, पनीर तथा रिफाइंड ऑयल के सैंपल भरे है। जिन्हें जांच के लिए लैबोरेटरी भेजा गया है। आगामी कार्रवाई सैंपल रिपोर्ट आने के बाद अमल मे लाई जाएगी। खाद्य एवं सुरक्षा को सूचना मिली थी कि उचाना की मां सरस्वती डेयरी में मिलावटी खाद्य पदार्थ तैयार किए जा रहे हैं। जिसके आधार पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगेश कादियान के नेतृत्व में टीम ने डेयरी पर दस्तक दी। जहां पर मिलावटी पनीर तैयार किया जा रहा था। जांच के दौरान टीम ने वहां पर रखा 700 लीटर दूध भी संदिग्ध मिला। टीम ने डेयरी से पनीर, दूध तथा रिफाइंड के सैंपल भरे। जिसके बाद 140 किलोग्राम पनीर तथा 700 लीटर दूध को नष्ट करवा दिया। टीम ने भरे गए सैंपलों को जांच के लिए लैबोरेटरी भेज दिया गया है। विभाग द्वारा आगामी कार्रवाई सैंपल रिर्पोट आने के बाद की जाएगी।



खाद्य पदार्थों को लेकर जांच जारी

जिला खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी डा. अमरप्रकाश ढाका ने बताया कि त्यौहारों के सीजन में मिलावटी खाद्य पदार्थ बाजार में बिकने की संभावना बढ़ जाती है। विभाग द्वारा लगतार खाद्य पदार्थों को लेकर जांच की जा रही है। जो सैंपल भरे गए हैं, उनकी रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई अमल मे लाई जाएगी।

कैथलः 42 हजार रुपये का चालान कर बाइक इंपाउंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की इसी कड़ी में ट्रैफिक एसएचओ इंस्पेक्टर रमेश कुमार की अगुवाई में ट्रैफिक पुलिस ने पेहोवा चौक के पास बुलेट बाइक से पटाखे बजाकर भागने वाले चालक को पीछा करके काबू किया। चालक की पहचान गांव जुलानी खेड़ा निवासी युवक के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार, उक्त चालक कैथल शहर में बुलेट बाइक से पटाखे बजाकर आमजन में दहशत फैला रहा था। पेहोवा चौक के पास पटाखे बजाकर बाइक भगाने पर ट्रैफिक पुलिस ने सरकारी गाड़ी से उसका पीछा किया और उसे काबू कर लिया। जांच के दौरान बाइक पर नंबर प्लेट नहीं मिली। चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं था तथा बाइक पर प्रेशर हॉर्न लगा हुआ था। ट्रैफिक पुलिस द्वारा यातायात नियमों की घोर अवहेलना करने पर उक्त बुलेट बाइक का नियमानुसार 42 हजार का चालान किया गया तथा बाइक को इंपाउंड कर लिया । कैथल पुलिस आमजन से अपील करती है की सभी यातायात नियमों की पालना करें।

खबर संक्षेप

रेलवे ग्राऊंड में 24 को विशाल बालाजी जागरण

जींद। श्री बालाजी युवा मंडल समिति जींद द्वारा 24 अक्टूबर को जींद जंक्शन स्थित रेलवे ग्राऊंड में 17वें विशाल बालाजी जागरण का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही 25 अक्टूबर को आरपीएफ बैरिक रेलवे ग्राऊंड में तीसरे मेगा मेडिकल कैंप व भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

समिति के प्रधान संजय पातलान ने बताया कि 24 अक्टूबर शनिवार को सुबह 10 बजे सुंदर कांड पाठ एवं हवन का आयोजन होगा। इसी दिन रात आठ बजे से विशाल बालाजी जागरण शुरू होगा।

विवि में महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाने की मांग

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विवि सीआरएसयू जींद में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर विवि प्रशासन की ओर से कार्यक्रम आयोजित करवाने की मांग उठी है। इस संबंध में इंडिपेंडेंट यूथ फ्रंट ने संगठन के संस्थापक अमित आदिवाल के नेतृत्व में रजिस्ट्रार के नाम ज्ञापन सौंपा। संगठन ने मांग की कि विवि परिसर में महर्षि वाल्मीकि जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई जाए ताकि विद्यार्थियों को उनके जीवनए विचारों और शिक्षाओं से प्रेरणा मिल सके। संगठन के संस्थापक अमित आदिवाल ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि रामायण के रचयिता होने के साथ ज्ञान, शिक्षा, समानता और सामाजिक परिवर्तन के प्रतीक हैं।

अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की नारेबाजी

जींद। बिजली वितरण के निजीकरण को लेकर अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की हरियाणा राज्य कमेटी ने विरोध जताया है। समिति ने गुरुग्राम और नूंह जिलों में बिजली वितरण के लिए निजी कंपनी इलेवन पावर प्राइवेट लिमिटेड को 25 वर्षों के लिए समानांतर वितरण लाइसेंस देने के हरियाणा बिजली नियामक आयोग के फैसले को वापस लेने की मांग की है। संगठन का कहना है कि बिजली जैसी बुनियादी सुविधा के क्षेत्र में निजी कंपनियों की भागीदारी बढने से आम उपभोक्ताओं महिलाओं किसानों और गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ने की आशंका है।

एबीवीपी की कॉलेज इकाई की घोषणा

जींद। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से सफीदों स्थित कॉलेज में इकाई की घोषणा की गई। इस दौरान कॉलेज प्रशासन द्वारा पुलिस बुलाए जाने का मामला सामने आया। जिस पर संगठन के पदाधिकारियों ने चिंता जताई। एबीवीपी ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों की रचनात्मक गतिविधियों और संगठनात्मक कार्यक्रमों के लिए उचित वातावरण होना चाहिए। विद्यार्थियों से संवाद स्थापित कर समस्याओं का समाधान किया जाना चाहिए।

श्री श्याम मंदिर में आज पहला एकादशी कीर्तन

उचाना। उचाना मंडी में सभी के सहयोग से बन रहे श्री श्याम मंदिर का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। मंदिर निर्माण कार्य शुरू होने के करीब एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में 22 अक्टूबर को मंदिर परिसर में प्रथम एकादशी कीर्तन एवं डांडिया महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर श्याम भक्तों में खासा उत्साह है। श्री श्याम मंदिर कमेटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम के तहत शाम 5 बजे से 7 बजे तक डांडिया महोत्सव होगा। इसके बाद शाम 7 बजे प्रसाद एवं भोजन की व्यवस्था रहेगी, जबकि रात 8 बजे बाबा श्याम का भव्य कीर्तन शुरू होगा।

जींदः बाल भवन में हुआ प्रतियोगिताओं का आगाज

जींद। जिला बाल कल्याण अधिकारी मलकीयत चहल ने बताया कि डीसी एवं जिला बाल कल्याण परिषद् की अध्यक्ष डा. वैशाली शर्मा के मार्गदर्शन में बाल भवन में जिला स्तरीय बाल महोत्सव के पहले दिन हुई प्रतियोगिताओं में मेहंदी रचाओ, कार्ड मेकिंग, स्केचिंग ऑन स्पॉट ए पोस्टर मेकिंग, थाली पूजन, कलश डेकोरैशन, सोलो सॉग व डेकलामेशन की प्रतियोगिता मे जिलेभर के करीब 150 स्कूलो के सैंकड़ों छात्रध्छात्राओं ने भाग लिया।

पुलिस शहीद स्मृति दिवस पर भावनात्मक कार्यक्रम

जवानों की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता: सिंह

प्राणों की आहुति देने वाले जवानों की शहादत को भुलाया नहीं जा सकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। शहीदों को नमन करते एसपी कुलदीप सिंह। फोटो :हरिभूमि

जिला पुलिस लाइन में बुधवार को पुलिस शहीद स्मृति दिवस पर भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने कहा कि देश की सेवा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले जवानों की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके बलिदान से हमें अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा एवं साहस की प्रेरणा मिलती है। इस समारोह में जिले के पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शहीदों के परिजनों ने भाग लिया । सभी ने पुलिस शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र एवं पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। शहीदों के परिजनों को सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह दिए गए। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि विगत एक वर्ष में देशभर में ड्यूटी के दौरान 154 पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों के जवानों ने राष्ट्र सेवा में अपने प्राणों का बलिदान दिया है। इन सभी वीर सपूतों को आज याद किया गया और उनके नामों का उच्चारण कर श्रद्धांजलि दी गई। उन्होंने अपने संबोधन में पुलिस स्मृति दिवस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह दिवस हर वर्ष 21 अक्टूबर को उन 10 वीर पुलिसकर्मियों की स्मृति में मनाया जाता है, जो 1959 में लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में चीन के सैनिकों द्वारा किए गए हमले में शहीद हुए थे। 20 अक्टूबर 1959 को जब तीसरी बटालियन के जवान सीमा की गश्त पर निकले तो एक टुकड़ी वापस नहीं लौटी। 21 अक्टूबर को खोज दल के साथियों पर चीन की सेना ने हमला किया, जिसमें 10 पुलिसकर्मी शहीद हो गए और सात को बंदी बना लिया गया। 13 नवंबर को शहीदों के शव भारत को सौंपे गए, जिनका हॉट स्प्रिंग्स में पूरे पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। जनवरी 1960 में आयोजित पुलिस महानिरीक्षक सम्मेलन में इस दिन को राष्ट्रीय पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में जिला जींद के वीर शहीदों की गौरवगाथा को भी याद किया गया। इस मौके पर एसआई हंसराज, एएसआई नरेन्द्र सिंह, एचसी राजकुमार, सिपाही बलजीत सिंह सहित 10 शहीद जवानों की गौरव गाथा को भी याद किया गया। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया और उन्हें आश्वासन दिया कि पुलिस विभाग हर समय उनके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि शहीदों के परिजनों को सहयोग देना विभाग का नैतिक और सामाजिक दायित्व है। वहीं शहीद परिवारों ने भी गर्व के साथ कहा कि उन्हें अपने बेटों की शहादत पर दुख नही बल्कि गर्व है कि उनका बलिदान देश की सेवा में हुआ।

ये रहे मौजूद

इस कार्यक्रम में एएसपी अमित भाटिया, डीएसपी जींद संदीप कुमार, डीएसपी नरवाना कमलदीप राणा, डीएसपी सफीदों गौरव शर्मा, डीएसपी नवीन अहलावत, डीएसपी राजीव मिगलानी सहित सभी थानों एवं चौकियों के प्रभारी सहित अनेक पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

नरवाना का विकास ही लक्ष्य : मंत्री बेदी

- भगवान श्रीराम के आदर्शों से प्रेरणा लेकर युवा करें मां-बाप का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन हमें मर्यादा, त्याग, संस्कार और माता-पिता के सम्मान की प्रेरणा देता है। युवाओं को भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि रामलीला केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और संस्कारों को जीवित रखने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। रामलीला के मंचन से युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जुडने और अच्छे संस्कार अपनाने की प्रेरणा मिलती है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी मंगलवार सायं नरवाना के हुड्डा ग्राउंड में आयोजित रामलीला के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने रामलीला का मंचन करने वाले अनुभवी कलाकारों की सराहना करते हुए कहा कि कलाकारों ने भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े प्रसंगों को सुंदर ढंग से प्रस्तुत कर समाज को अच्छा संदेश देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने अपने जीवन में माता-पिता की आज्ञा का पालन करते हुए त्याग और समर्पण का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक है। भगवान राम ने अपने जीवन से यह संदेश दिया कि सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने वाले व्यक्ति की अंत में विजय होती है। बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, उसकी जीत कभी स्थायी नहीं हो सकती। कैबिनेट मंत्री ने युवाओं का आह्वान किया कि वे बुरी आदतों और सामाजिक कुरीतियों से दूर रहकर अच्छे विचारों को अपनाएं तथा अपने माता-पिता, गुरुजनों और बुजुर्गों का सम्मान करें।



जींद। जींद बस अड्डा पर मौजूद यात्री।

नरवाना से सूरतगढ़ के लिए बस सेवा प्रारंभ

जींद। नरवाना और आसपास के क्षेत्र के बस यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। रोडवेज की ओर से नरवाना से सूरतगढ़ के लिए बस सेवा शुरू की गई है। इस बस के संचालन से यात्रियों को लंबी दूरी के सफर के लिए एक और परिवहन सुविधा मिलेगी। बस फतेहाबाद डिपो के टोहाना उपकेंद्र की है, जो निर्धारित समय के अनुसार नरवाना से सूरतगढ़ के लिए रवाना होगी। बस सुबह नौ बजे नरवाना बस स्टैंड से चलेगी। इसके बाद टोहाना, फतेहाबाद, भट्टू, चौपटा, नोहर और रावसतर होते हुए शाम छह बजे तक सूरतगढ़ पहुंचेगी। नरवाना से सूरतगढ़ की दूरी करीब 310 किलोमीटर है। इस रूट पर सफर करने वाले यात्रियों को बस सेवा शुरू होने से आवागमन में सुविधा मिलेगी। वहींए रास्ते में पडने वाले कस्बों के यात्रियों को भी अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए रोडवेज बस का विकल्प मिलेगा। नरवाना से सूरतगढ़ तक का किराया 350 रुपये निर्धारित किया गया है।

सेमिनार की तैयारियों को लेकर समिति की बैठक

जींद। संत शिरोमणि श्री सैन भगत राजकीय महाविद्यालय में आगामी पांच एवं छह नवंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सेमिनारों की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में किया। बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के युग में शारीरिक शिक्षा और खेलों की पुनर्कल्पना, समग्र, समावेशी एवं बहुविषयक विकास की ओर एवं बहुविषयक विज्ञान, नवाचार, अंतर्विषयक अनुसंधान एवं सतत समाधान में उभरते रुझान का आयोजन शारीरिक शिक्षा एवं रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं प्राणी विज्ञान विभागों द्वारा किया जाएगा। सचिव डा. सतीश मालिक ने कहा कि आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के सहयोग से संगोष्ठी की तैयारियों को लेकर बैठक में राष्ट्रीय सेमिनार के सफल आयोजन के लिए विभिन्न समितियों को सौंपी गई जिम्मेदारियों, आपसी समन्वय और कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की।

जिलास्तरीय योग प्रतियोगिता 25 को

- सीनियर सिटीजन को भी भाग लेने के लिए आमंत्रित करेंगे

मोतीलाल पब्लिक स्कूल में प्रतियोगिता

भाजपा युवा नेता रुद्राक्ष मिड्ढा ने बताया की प्रतियोगिता का आयोजन 25 अक्टूबर को मोतीलाल पब्लिक स्कूल में किया जाएगा। प्रतियोगिता की तैयारी के लिए विभिन्न समितियां बना दी गई है, जिसका संचालन नवनीत योगी करेंगे। बैठक में डा. धर्मदेव विद्यार्थी, रामनारायण आर्य, अशोक सैनी, नवनीत योगी सहित योगासन एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में योग नर्सरी, स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय के छात्र छात्राएं भाग ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त 55 वर्ष से अधिक आयु के योग में रुचि रखने वाले महानुभाव प्रोत्साहन प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जिसका आयोजन पहली बार किया गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इस वर्ष जिला योगासन, खेल एसोसिएशन योगासन चैम्पियनशिप के समय सीनियर सिटीजन को भी योग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित करेंगे। यद्यपि सीनियर सिटीजन के लिए कोई प्रतियोगिता नहीं होगी, वह केवल सीनियर सिटीजन को प्रोत्साहन देने के लिए आयोजित की जाएगी जिसमें उन्हें आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे ताकि उनका रुझान योग की तरफ बना रहे। इसके अतिरिक्त योगासन एसोसिएशन के नियम अनुसार छह आयु ग्रुप में प्रतियोगिताएं होंगी। जिसमें सब जूनियर 10 वर्ष से 14 वर्ष जूनियर 14 वर्ष से 18 वर्ष सीनियर 18 वर्ष से 25 वर्ष तक भाग ले सकेंगे। सीनियर कैटेगरी में एक ग्रुप में 28 वर्ष से 35 वर्ष बिग ग्रुप में 35 से 45 वर्ष और सी ग्रुप में 45 वर्ष से 55 वर्ष तक के लोग प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिन्हें नियमानुसार प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त पेयर प्रतियोगिता में भी भाग ले सकेंगे। जिसमें ट्रेडिशनल रिदमिक और आर्टिस्टिक सिंगल और पेयर ग्रुप में प्रतियोगी भाग ले सकते हैं। यह निर्णय रुद्राक्ष मिड्ढा की अध्यक्षता में हुई जिला योगासन खेल एसोसिएशन की बैठक में किया गया।

किसानों को फसल अवशेष न जलाने और वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन करने के लिए किया जा रहा प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। पराली प्रबंधन को लेकर जागरूक करते हुए। फोटो :हरिभूमि

कृषि विभाग के उपनिदेशक डा. सुखदेव कम्बोज ने बताया कि कृषि विभाग की टीमें जिले के विभिन्न गांवों में पहुंच कर किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के प्रति जागरूक कर रही हैं। इसी कड़ी में बुधवार को विभाग की टीमों ने विभिन्न गांवों में जागरूकता अभियान चला कर किसानों को पराली न जलाने तथा फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि गांव मोहम्मद खेड़ा, माजरा, बेलरखां, बधाना, पेंगा और गुरुसर सहित विभिन्न गांव मे सीआरएम को लेकर जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों के माध्यम से किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान तथा फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई। वहीं गांव इंटल खुर्द और उदयपुर में भी फसल अवशेषों के एक्स सीटू प्रबंधन को लेकर किसानों को जागरूक किया गया। किसानों को बताया गया कि फसल अवशेषों का उचित उपयोग करके पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ कृषि संसाधनों का बेहतर प्रबंधन भी किया जा सकता है। कृषि उपनिदेशक ने बताया कि फसल अवशेष खेतों के लिए उपयोगी संसाधन हैं। इन्हें जलाने के बजाय कृषि यंत्रों और वैज्ञानिक तकनीकों की मदद से उचित तरीके से प्रबंधित करना चाहिए। पराली जलाने से जहां वायु प्रदूषण बढ़ता हैए वहीं मिट्टी के लाभकारी तत्वों और उसकी उर्वरा शक्ति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के लिए उपलब्ध तकनीकों को अपनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग की टीमें गांवों में जाकर किसानों से संवाद कर रही हैं और उन्हें पराली प्रबंधन के विभिन्न तरीकों की जानकारी दे रही हैं।



जींद। मामले का निपटान करवाते सीएलजी। फोटो :हरिभूमि

सीएलजी ने किराये के मामले को आपसी सहमति से सुलझाया

जींद। पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशन में सीएलजी द्वारा लंबे समय से चल रहे किराये के मामले को आपसी सहमति से सुलझाया गया है। सीएलजी कोऑर्डिनेटर पीसी जैन, एससी पाहवा, बीएम पंवार, एसपीओ बबली, गृहरक्षी राजीव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत प्राप्त हुई थी। जिसमें शिकायतकर्ता अर्बन एस्टेट निवासी हिमानी ने बताया कि उसकी भैंसों की डेयरी है। जोकि उसने रूप नगर निवासी जोगिंद्र को किराये पर दी थी। जोगिंद्र उसमें फर्नीचर बनाने का काम करता था। उसने जोगिंद्र को 26 हजार रुपये प्रति माह किराये पर मकान दिया था। चार माह से जोगिंद्र ने किराया नही दिया। अवैध बिजली की डोरी लगाने लगा। जिस पर उसके खिलाफ बिजली चोरी का मुकद्मा भी दर्ज हुआ। बाकायदा उसने जुर्माना भी नही भरा। सीएलजी में दोनो पक्षों को बुला कर सुना गया। शिकायतकर्ता ने कहा कि उसकी मशीन व कुछ सामान शिकायतकर्ता के मकान में रखे हैं, जो शिकायतकर्ता उठाने नही दे रही है।

उपासना ने संभाला पुलिस अधीक्षक जींद का कार्यभार



- एसपी कैथल के पद पर दो बार दे चुकी सेवाएं, पूर्व में एसपी सीआईडी एवं एटीएस के पद पर थी तैनात

जींद। उपासना ने पुलिस अधीक्षक जींद का कार्यभार संभाल लिया है। इससे पहले उपासना पुलिस अधीक्षक कैथल के पद पर दो बार व पूर्व में एसपी सीआईडी एवं एटीएस के पद पर तैनात थी। पुलिस प्रवक्ता राजेश कुमार ने जानकारी देते बताया कि 2017 बैच की भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी उपासना ने बुधवार को जिला जींद की पुलिस अधीक्षक के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया। एसपी उपासना को पुलिस विभाग में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करने का अनुभव प्राप्त है। उनके जींद पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्यभार संभालने के साथ ही जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने, नशा तस्करों पर अंकुश लगाने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। जिला जींद पुलिस की प्राथमिकता कानून व्यवस्था बनाए रखना, अपराधियों के विरुद्ध नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई करना, महिला सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना रहेगा। इसके अतिरिक्त पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर पुलिस सेवाओं को अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने पर जोर दिया जाएगा। जिला पुलिस आमजन की सुरक्षा एवं सेवा के लिए प्रतिबद्ध है और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तत्परता से कार्य करती रहेगी।



नरवाना। छात्राओं को संबोधित करते डा. विवेक गर्ग। फोटो :हरिभूमि

महिला कॉलेज मे मेंटल हेल्थ अवेयरनेस कार्यक्रम

नरवाना। सनातन धर्म महिला कालेज के सभागार में आज करियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट सेल के द्वारा मेंटल हेल्थ अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के विषय विशेषज्ञ डॉ विवेक गर्ग एमडी मनोचिकित्सक (कैथल) से रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्या डॉ अंजना लोहान ने की। मंच संचालन डॉ शालू गर्ग द्वारा किया गया। डॉ विवेक गर्ग ने अपने वक्तव्य में बताया कि आज हमारे जीवन में कितना तनाव है, उस तनाव में हम कैसे संतुलन बना सकते हैं। बच्चों के स्वभाव में चिड़चिड़ापन, उदासी, सोशल मीडिया जैसी बीमारियां बहुत ज्यादा बढ़ चुकी हैं। इसका मुख्य कारण स्क्रीन पर अधिक समय बिताना है। बताया कि इस तनाव से मुक्त होने के लिए हमें ध्यान, योग, साधना का सहारा लेना चाहिए। यदि बच्चों में बहुत ज्यादा मानसिक तनाव है वह आत्महत्या जैसी चीजों के बारे में सोचते हैं तो सबसे पहले उन्हें माता-पिता, फिर अपने अध्यापक, उसके बाद मनोचिकित्सक से बात करके समाधान किया जा सकता है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने किसानों की दुर्दशा, बेरोजगारी, अपराध और भ्रष्टाचार को लेकर सरकार को घेरा

भाजपा सरकार के दो वर्ष विकास नहीं, विनाश के रहे : हैबतपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर।

हरियाणा में भाजपा सरकार के दो साल के कार्यकाल को कांग्रेस ने विफलताओं से भरा बताते हुए किसानों, युवाओं, व्यापारियों और गरीबों की समस्याओं पर सरकार को घेरा है। बुधवार को जींद स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकारों से बातचीत में जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर ने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों के कारण प्रदेश में बेरोजगारी, अपराध और भ्रष्टाचार बढ़े हैं। जबकि आमजन सरकारी योजनाओं और पोर्टलों की खामियों से परेशान है। उन्होंने सरकार से अपने कार्यकाल पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग की। हैबतपुर ने कहा कि कृषि प्रधान हरियाणा में किसानों को फसल बेचने के लिए मंडियों में परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि धान खरीद में नमी के नाम पर प्रति क्विंटल 200 रुपये तक की कटौती हुई, गेहूं खरीद के दौरान बारदाने की कमी से किसानों को इंतजार करना पड़ा और सरसों की खरीद सीमा घटने से छोटे किसानों को नुकसान हुआ। बाजरे की खरीद और भावांतर भरपाई योजना पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का पूरा लाभ नहीं मिल रहा। डीएपी खाद के लिए किसानों को कतारों में खड़ा होना पड़ा। उन्होंने फसल बीमा कंपनियों के मुनाफे और किसानों को कथित तौर पर क्लेम नहीं मिलने की भी जांच कराने की मांग की। उन्होंने बेरोजगारी को प्रदेश की गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि सीईटी के बाद भी युवाओं को पर्याप्त रोजगार नहीं मिला है। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग और हरियाणा लोक सेवा आयोग की भर्ती प्रक्रियाओं में कथित पेपर लीक तथा ग्रुप सी और डी की भर्तियां लंबित रहने पर सवाल उठाए। रिषिपाल हैबतपुर ने आरोप लगाया कि प्रदेश में फिरौती, गोलीबारी और हत्या की घटनाओं से व्यापारी और आम नागरिक चिंतित हैं।

ये रहे मौजूद

भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने शराब कारोबार, जमीन की रजिस्ट्रियों, खनन और स्थानीय निकायों में अनियमितताओं के आरोप लगाए। परिवार पहचान पत्र, प्रोपर्टी आईडी और मेरी फसल मेरा ब्यौरा जैसी व्यवस्थाओं में त्रुटियों के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने मांग की कि भाजपा सरकार दो साल के कार्यकाल का श्वेत पत्र जारी कर बताए कि किसानों, युवाओं और आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए क्या ठोस कदम उठाए गए हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक सूरजभान काजल, पवन दूहन, सतू ढांडा, महिपाल कौशिक, जेपी रूहील, इशाक भट्टी आदि मौजूद रहे।



नरवाना। प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

एमएससी प्री-फाइनल की छात्रा मोनिका अव्वल

नरवाना। केएम राजकीय महाविद्यालय, नरवाना में महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. मीना देवी के मार्गदर्शन में रंगोली एवं स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मीनू सिंह के निर्देशानुसार आयोजित इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य छात्राओं की रचनात्मकता, कलात्मक अभिव्यक्ति एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना था। रंगोली प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका मुकेश, डॉ. मनजीत एवं पूजा कंसल ने निभाई। प्रतियोगिता में एम.एससी. प्री-फाइनल की छात्रा मोनिका ने प्रथम, बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा सलोनी ने द्वितीय तथा बी.ए. पॉलिटिकल साइंस ऑनर्स फाइनल की छात्रा संजना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीसीए फाइनल की छात्रा स्नेहा एवं कुसुम को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण, महिला अधिकारों, लैंगिक समानता एवं महिलाओं की सुरक्षा जैसे सामाजिक विषयों को अपनी रंगोलियों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में डा. राजीव, डा. रुचिका एवं राकेश शामिल रहे।

खबर संक्षेप



बाबा लदाना में दशहरे के उपलक्ष्य में लगाया भंडारा

कैथल। गांव बाबा लदाना में दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में लगे तीन दिवसीय मेले में दूसरे दिन अनोखी आस्था देखने को मिली। यहां पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए लगाया गया भंडारा भी विशेष रहा। यहां पर दशहरे के दिन शुरू हुए भंडारे में समाधि पर प्रसाद के रूप में चढ़े दूध से 30 क्विंटल मटर-पनीर की सब्जी बनी और प्रसाद में 25 क्विंटल देसी घी का हलवा और 20 क्विंटल मखाने की खीर बनाई गई। साथ ही मेले में मटर-पनीर के अलावा दाल मक्खनी प्रसाद में मिली। दो दिन के मेले में अब तक एक लाख श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं, इस प्रसाद का बनाने के लिए 150 हलवाई लगे और 100 से अधिक सेवादारों ने प्रसाद बांटा।

बाबालदाना में विधायक की अनोखी पहल

कैथल। श्री श्री 1008 सिद्ध बाबा राजपुरी जी महाराज के मेले के पावन अवसर पर गांव बाबा लदाना में विधायक आदित्य सुरजेवाला की अनोखी पहल ने स्थानीय लोगों को बड़ी राहत पहुंचाई है। मेले के दौरान यहां दो दिवसीय 'आदित्य सुरजेवाला चलता-फिरता अस्पताल' का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों ग्रामवासियों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। शिविर में डॉ. साहिल तथा स्टाफ नर्स मीना देवी सहित चिकित्सकीय टीम ने मरीजों की जांच की और आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श दिया। जांच के बाद जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई।

एक नवंबर से हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट पर सख्ती

ढांड। यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने और नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए ढांड थाना पुलिस ने निगरानी तेज कर दी है। डीजीपी हरियाणा अजय सिंघल एवं कैथल एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के निर्देशानुसार थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर बहादुर सिंह के नेतृत्व में पुलिस बिना नंबर प्लेट के वाहन चलाने वालों को चेतावनी दे रही है। वहीं, दोपहिया और चारपहिया वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाने के लिए भी वाहन चालकों को जागरूक किया जा रहा है।



सब इंस्पेक्टर बहादुर सिंह

जेएलडी ज्वेलर्स की दुकान से करीब 23 ग्राम सोना चोरी

कैथल। शहर के सर्राफा बाजार स्थित जेएलडी ज्वेलर्स की दुकान से करीब 23 ग्राम सोना चोरी हो गया। सिटी थाना पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में दुकानदार भुवन धवन ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 2:20 बजे वह खाना खाने के लिए घर गया था। इसी दौरान टोपी पहने एक युवक दुकान में आया और मौका पाकर तीन पेंडेंट सेट चोरी कर ले गया। एसआई पवन ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक 28 अक्टूबर को

कैथल। डीसी अपराजिता ने बताया कि जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक 28 अक्टूबर को सुबह 10 बजे लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित होगी। इस बैठक की अध्यक्षता कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के मंत्री श्याम सिंह राणा करेंगे। बैठक में कुल 12 परिवाद रखे जाएंगे हैं। इनमें 7 परिवाद पुराने तथा 5 नए हैं। सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए जाते हैं वे निर्धारित स्थान व समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

22 अक्टूबर रात 10 बजे से तीन दिवसीय हड़ताल का ऐलान

बिजली कर्मचारियों ने पैरेलल लाइसेंस के विरोध में फूंकी प्रतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर बुधवार को बिजली निगम के गुहला मंडल कार्यालय परिसर में कर्मचारियों ने दो घंटे की गेट मीटिंग कर सरकार और हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) के खिलाफ रोष जताया। इस दौरान कर्मचारियों ने आयोग की ओर से जारी समानांतर लाइसेंस की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारी नेताओं ने 22, 23 और 24 अक्टूबर को तीन दिवसीय हड़ताल का आह्वान करते हुए कहा कि गुहला यूनिट के कर्मचारी 21 अक्टूबर की रात 10 बजे से हड़ताल पर चले जाएंगे। बैठक की अध्यक्षता एएचपीसीडब्ल्यूयू की गुहला सब यूनिट के प्रधान सुदर्शन कुमार और अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ की चीका सब यूनिट के प्रधान अनिल गौड़ ने की, जबकि मंच संचालन एचएसईबीडब्ल्यूयू की सब यूनिट के प्रधान शुकरदीन ने किया। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड से केंद्रीय परिषद के सदस्य करण नैन, सर्कल सचिव दिलबाग सैनी और अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ के राज्य सलाहकार सुनील राणा उपस्थित रहे।



गुहला चीका। मंडल बिजली निगम कार्यालय परिसर में विरोध में प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी। **फोटो : हरिभूमि**

बैठक में ये रहे मौजूद

कर्मचारी नेताओं ने कहा कि सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने तीन दिन की हड़ताल का निर्णय लिया है। उनका कहना था कि 19 अक्टूबर को हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग की ओर से नूंह और गुरुग्राम में समानांतर लाइसेंस जारी किए जाने से बिजली कर्मचारियों और कर्मचारी संगठनों में रोष है। उन्होंने कहा कि इस फैसले के विरोध में कर्मचारी एकजुट होकर आंदोलन करेंगे। बैठक में एवीकेएस के जिला पदाधिकारी भूपेंद्र जोशन, चीका सब यूनिट के सचिव संदीप सीड़ा, गुहला सब यूनिट से कश्मीर सिंह, यूनिट प्रधान संदीप सैनी, यूनिट सचिव राकेश कुमार, ऑडिटर सुखविंदर सिंह, एचएसईबीडब्ल्यूयू के यूनिट प्रधान अनिल अलेवा, यूनिट सचिव रणजीत सिंह, गुहला के पूर्व यूनिट प्रधान शीशपाल जेई, चीका सब यूनिट के प्रधान हरजिंदर सिंह, हरदीप सिंह, गुहला से प्रधान रामनिवास , सचिव राजेंद्र सिरोही, एएचपीसीडब्ल्यूयू के सब यूनिट सचिव अनुज पारस, चांद राम एसए, राजीव कुमार, मनीष सैनी जेई, सुखदेव राम, जगीर जेई, चंद्रभान जेई, चत्तरपाल एएलएम और हरपाल सिंह सहित सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।

निजी कम्पनियों को समानांतर बिजली वितरण के लिए लाइसेंस देना जनता के साथ कुठाराघात

कैथल। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के हरियाणा राज्य सचिवमंडल ने गुरूग्राम और नूंह जिलों में बिजली वितरण के लिए प्राईवेट कम्पनी 'इलेवन पावर प्राईवेट लिमिटेड' को 25 वर्षों के लिए सामानांतर वितरण लाईसेंस दिए जाने के फैसले पर कड़ा विरोध प्रकट किया है।

प्रेस के लिए जारी विज्ञप्ति में पार्टी राज्य सचिव प्रेमचंद ने कहा है कि हरियाणा बिजली नियामक आयोग द्वारा लिए गए फैसले से जनता के हितों पर जबरदस्त कुठाराघाट किया गया है। सर्वविदित है कि भाजपा की केन्द्र एवं राज्य सरकारें देश-प्रदेश के सार्वजनिक एवं प्राकृतिक संसाधनों को अपने चहेते पूंजीपतियों के हवाले कर रही हैं। इसी प्रक्रिया के तहत गुरूग्राम और नूंह में बिजली सप्लाई का सामानंतर लाईसेंस एक प्राईवेट कम्पनी को दिया गया है। गुरूग्राम-नूंह औद्योगिक एवं व्यवसायिक केन्द्र होने के नाते सरकारी बिजली कम्पनी के लिए सबसे ज्यादा राजस्व प्राप्ती का क्षेत्र है। इसे प्राईवेट कम्पनी को दे देने से दक्षिण हरियाणा विद्युत निगम पंगु हो जाएगी और आम उपभोक्ताओं तथा कृषि क्षेत्र के लिए सस्ती व सब्सीडी पर बिजली आपूर्ति करने में अक्षम हो जाएगी।

निजीकरण से महंगी बिजली, रोजगार और सब्सिडी पर संकट

सब जानते हैं कि किसी भी प्राईवेट कम्पनी का प्राथमिक उद्देश्य मुनाफा कमाना होता है न कि जनकल्याण का। इस दृष्टि से देखने पर जाहिर है प्राईवेट कम्पनी लाभाकारी क्षेत्रों को बिजली आपूर्ति के लिए प्राथमिकता देगी जबकि घाटेवाली गरीब बस्तियों, गांवों और कृषि क्षेत्र का बोझ सरकारी निगमों पर छोड़ दिया जाएगा। इसी उद्देश्य से राज्य में अलग से कृषि निगम बनाने का बजट सत्र में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ऐलान किया था। जिस प्रकार टेलीफोन के क्षेत्र में प्राईवेट कम्पनियों को सामानांतर लाईसेंस दिए गए थे उसी तरह अब बिजली के क्षेत्र में देने की शुरूआत की गई है। परिणामस्वरूप जो हश्र बीएसएनएल का हुआ वही सार्वजनिक बिजली कम्पनियों का होना तय है।



राजौंद। बिजली निगम के निजीकरण के विरोध में आयोजित रोष गेट मीटिंग में सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते कर्मचारी।

22 से 24 तक हड़ताल पर रहेंगे बिजली कर्मी

बिजली वितरण व्यवस्था के निजीकरण के विरोध में कर्मचारियों ने की रोष गेट मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

बुधवार को संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर सब-डिवीजन राजौंद के प्रांगण में सुबह 9 से 11 बजे तक रोष गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता अश्विनी ढांडा ने की, जबकि मंच का संचालन सुखदेव शर्मा ने किया। कर्मचारियों ने नूंह एवं गुरुग्राम में समानांतर वितरण लाइसेंस देने के सरकार के फैसले का विरोध किया। इस दौरान कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए बिजली वितरण व्यवस्था को निजी हाथों में सौंपने के प्रयासों पर रोष जताया। कर्मचारियों ने एचईआरसी और पावर संबंधी पर्चियां भी जलाकर विरोध दर्ज करवाया। संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने घोषणा की कि 22, 23 और 24 अक्टूबर को तीन दिवसीय हड़ताल की जाएगी।

बिजली निगम के निजीकरण के खिलाफ कर्मचारी एकजुट

कर्मचारी नेताओं ने कहा कि यह हड़ताल कर्मचारियों की मांगों को लेकर नहीं, बल्कि बिजली निगम को निजी हाथों में जाने से बचाने के लिए की जा रही है। उन्होंने आम जनता से हड़ताल को सफल बनाने में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यह लड़ाई जनहित से जुड़ी हुई है। इस अवसर पर मुकेश कोटड़ा, प्रवीण कोटड़ा, रोहताश शर्मा, अनिल लाला, ऋतु, अमित, विकास, अनबद्ध कर्मचारी संघ के प्रधान हरदीप, मुकेश, सुनील, सुनीता तथा सर्व कर्मचारी संघ से विकास और निशा पंचाल सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे। कर्मचारियों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया।

राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप में अकाल अकादमी भूसला के विद्यार्थियों ने जीते छह कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

अकाल अकादमी भुंसला के छह विद्यार्थियों ने 10वीं जूनियर एवं सब-जूनियर राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर अकादमी और क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में 21 राज्यों की टीमों ने भाग लिया, जिसमें हरियाणा की टीम ने ओवरऑल दूसरा स्थान हासिल किया।अकादमी के सुखमन कौर, प्रज्वल कौर, अपारदीप सिंह, कर्मवीर सिंह, एकनूर सिंह और नवजोत सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किए। इस उपलब्धि में गतका कोच सुखचैन सिंह का विशेष योगदान रहा।अकादमी की प्रिंसिपल गुरजीत कौर ने विजेता विद्यार्थियों और कोच को बधाई देते हुए उनकी मेहनत, लगन और अनुशासन की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अकादमी और अपने माता-पिता का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।



गुहला-चीका। कांस्य पदक जीतने वाले अकाल अकादमी भुंसला के विद्यार्थी।

चीका मंडी के नए सचिव विजय कुमार ने संभाला कार्यभार

गुहला-चीका। चीका मार्केट कमेटी के नवनियुक्त सचिव विजय कुमार ने कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार धान खरीद सुनिश्चित करना और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी से बचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। सचिव के अनुसार, चीका मंडी में अब तक करीब 1.51 लाख मीट्रिक टन धान की आवक हो चुकी है, जिसमें से लगभग 1.40 लाख मीट्रिक टन की खरीद की गई है। वहीं, करीब 98,060 क्विंटल धान का उठान हो चुका है। खरीद केंद्रों में अनियमितताओं के सवाल पर उन्होंने कहा कि केंद्रों की जियो-फेंसिंग करवाई गई है और वे स्वयं भी दौरा कर चुके हैं।

कलायत में विश्व शांति व लोक कल्याण की कामना को लेकर मां बगलामुखी महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत में मां बगलामुखी विशाल महायज्ञ का आयोजन किया गया। श्री कपिल मुनि ज्योतिष एवं रत्न केंद्र प्रमुख विशाल शांडिल्य द्वारा आयोजित इस महायज्ञ में विश्व शांति व लोक कल्याण की कामना करते हुए भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुति डाली। इसमें विभिन्न धार्मिक, सामाजिक व राजनैतिक संगठनों के पदाधिकारी-कार्यकर्ता शामिल हुए। परंपरा अनुसार मेहमानों का ज्योतिष एवं रत्न केंद्र द्वारा अभिनंदन किया गया। हरियाणा ही नहीं देश के अलग-अलग हिस्सों से आए लोगों ने परिवार की भांति हाथ से हाथ मिलाकर महायज्ञ आहुति डाली। धार्मिक आयोजन को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही गहमागहमी का माहौल बना था। विशाल शांडिल्य ने बताया कि धार्मिक विचारधारा भारतीय इतिहास की अमिट पहचान है। उन्होंने कहा कि धार्मिक ग्रंथों में इस बात का उल्लेख है कि एक समय पृथ्वी पर भयंकर तुफान और प्रलय जैसी स्थिति पैदा हो गई थी। इससे संपूर्ण सृष्टि के आस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा था। इस संकट को देखकर भगवान विष्णु ने सौराष्ट्र स्थित हरिद्रा सरोवर के निकट भगवान की शक्ति का ध्यान करते हुए तपस्या की थी।



कलायत। भगवान कपिल मुनि ज्योतिष एवं रत्न केंद्र द्वारा आयोजित हवन में आहुति डालते श्रद्धालु। **फोटो : हरिभूमि**

शहीद सिपाही जिले सिंह व शहीद बलदेव सिंह को बलिदानी दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि



कैथल। पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल ने भारत चीन युद्ध 1962 के अमर वीर योद्धाओं जिन्होंने नेफा के वालोंग में नमक चू नदी के तट पर द्वितीय राजपूत रेजीमेंट का हिस्सा रहते हुए चीनी सेना के साथ एक भयंकर युद्ध जो की माइनस 40 डिग्री के तापमान में अपनी मातृ भूमि के लिए शूरवीरता के साथ लड़ते हुए 21 अक्टूबर 1962 को प्राणों की आहुति दी।इसकी जानकारी देते हुए एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी ने बताया कि, यह दोनों सर्वोच्च बलिदानी द्वितीय राजपूत से एक ही कंपनी के जवान थे इन दोनों में नमक चू नदी के तट पर अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। इनके बलिदान को याद करते हुए बलिदानियों के नाम के स्कूलों में बने स्मारकों पर, शहीद सिपाही जिले सिंह क्योड़क को गांव के सरपंच जसबीर सिंह ने प्रतिमा के गले में पहली फूल माला डालकर एवं शहीद सिपाही बलदेव सिंह मलिकपुर के बलिदानी के छोटे भाई मातु राम, भतीजा बलविंद्र सिंह व सरपंच तरसेम सिंह ने प्रतिमा के गले में पहली फुल माला डालकर पहले श्रद्धांजलि दी यहां पर गांव के गणमान्य व्यक्ति, हैड मास्टर पंकज तंवर ,मुख्य शिक्षिक अमर रविश स्कूल स्टाफ स्कूली बच्चे एवं एसोसिएशन के पूर्व सैनिक ने भी सामूहिक रूप से दोनों जगह पर श्रद्धांजलि दी एसो. की तरफ से एसो. प्रधान जगजीत फौजी, कैप्टन नरेंद्र सिंह आदि ने शहीदों के जयकारों के साथ सभी ने मिलकर अपने देश के अमर शहीदों को पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि देने का काम किया।

एसबीआई ने तीन स्वास्थ्य केंद्रों को उपकरण दिए

- स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने में मिलेगी मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) नीति के तहत स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) भागल, कांगथली और खरका को वाटर कूलर सहित विभिन्न स्वास्थ्य उपकरण प्रदान किए गए। पीएचसी भागल व कांगथली को एसबीआई गुहला-चीका तथा पीएचसी खरका को एसबीआई खरका द्वारा आवश्यक उपकरण उपलब्ध करवाए गए। नागरिक अस्पताल चीका की एसएमओ प्रीति सिंगला ने जानकारी देते हुए बताया कि एसबीआई गुहला-चीका द्वारा पीएचसी भागल को मल्टी पैरा मॉनिटर, रेडिएंट वार्मर, वाटर कूलर, स्टिक प्रिंटर, सीटीजी मशीन और मरीजों के लिए बेड उपलब्ध करवाए गए। इसी प्रकार पीएचसी कांगथली को मल्टी पैरा मॉनिटर, ईसीजी मशीन, मरीजों के लिए बेड, रेडिएंट वार्मर, वाटर कूलर, ओटी लाइट और ऑटोक्लेव प्रदान किए गए। वहीं, एसबीआई खरका द्वारा पीएचसी खरका को मल्टी पैरा मॉनिटर, ब्लड बैग ट्यूब सीलर, मरीजों के लिए बेड, रेडिएंट वार्मर, वाटर कूलर, एयर कंडीशनर और ऑटोक्लेव उपलब्ध करवाए गए। इन उपकरणों से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों की जांच, उपचार और स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में सुविधा मिलेगी। साथ ही, वाटर कूलर उपलब्ध होने से मरीजों और उनके परिजनों को स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल मिल सकेगा।



गुहला-चीका। अस्पताल को उपकरण देते एसबीआई के अधिकारी।

पूंडरी में अवैध पटाखों का बड़ा जखीरा बरामद, 160 पेटियों सहित आरोपी कबू

पूंडरी। दीपावली के त्योहार से पहले अवैध रूप से पटाखों का भंडारण और बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कैथल की स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट और थाना पूंडरी पुलिस की संयुक्त टीम ने इंद्रा कॉलोनी में छापेमारी कर पटाखों की 160 पेटियां बरामद की हैं। पुलिस ने मौके से वार्ड नंबर 14, इंद्रा कॉलोनी निवासी राकेश कुमार को काबू किया है। बरामद पटाखों की पेटियों का गत्ते सहित कुल वजन 1245.276 किलोग्राम पाया गया। पुलिस के अनुसार, पटाखे बिना लाइसेंस बिक्री के लिए रखे गए थे। मामले में नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जा रही है। स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट के प्रभारी पीएसआई संदीप कुमार के अनुसार, एएसआई बलकार सिंह की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि राकेश कुमार ने अपने मकान के साथ लगते बाड़े में बिना लाइसेंस के बिक्री के लिए बम-पटाखों की पेटियां रखी हुई हैं।



इंद्रा कॉलोनी में पुलिस द्वारा बरामद की गई अवैध पटाखों की पेटियां के साथ पकड़ा गया आरोपी।

न्यायालय तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार जींद
मोहम्मद शकील पुत्र स्व. श्री अब्दुल हलीम
निवासी विश्वकर्मा कॉलोनी आरा रोड जींद
बनाम
जनरल पब्लिक
इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि स्व. श्री अब्दुल हलीम पुत्र श्री अब्दुल करीम की मृत्यु दिनांक 23.06.2010 को हो चुकी हैं इनकी मृत्यु उपरान्त उनके निम्न जायज वारिस है:-
1-मोहम्मद नसीम 2-मोहम्मद नईम 3-मोहम्मद समीम 4-मोहम्मद सकील 5-मोहम्मद कामिल 6-मोहम्मद अल्लम पुत्रान व 7-सहनाज परवीन पुत्री 8- श्रीमती अनवरी बेगम पत्नी स्वः श्री अब्दुल हलीम पुत्र श्री अब्दुल करीम ही कानूनी वारिस है।
इनके अलावा मृतक का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है।
यह नोटिस बाबत हस्ताक्षर आज दिनांक 21.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया है।
हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार जींद

कार्यक्रम शहीदों के परिवारों को एसपी ने किया सम्मानित

एसपी मनप्रीत सिंह सूदन व अन्य पुलिस कर्मचारी अधिकारियों ने अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पुलिस लाइन कैथल में पुलिस स्मृति दिवस गौरवमयी तरीके से मनाया गया। जिसके दौरान देश के दुश्मनों व अपराधी तत्वों के साथ हुई मुठभेड़ में शहीद होने वाले भारत के जवानों के नाम पढकर उन्हें याद किया गया। जिनमें पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवान शामिल थे। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन द्वारा देश की एकता, अखंडता व सुरक्षा के लिए प्राणों की बाजी लगाने के लिए शहीदों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस अवसर पर एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कैथल जिले के वीर शहीदों को विशेष रूप से स्मरण किया। उन्होंने 1989 में शहीद हुए रामसिंह निवासी जाजनपुर, 1992 में शहीद हुए कृपाल सिंह निवासी हरिगढ़ किंगन व शहीद गुलजार सिंह निवासी हाबड़ी, 13 अगस्त 2020 को कोरोना महामारी कारण शहीद हुए हेड कांस्टेबल विजय कुमार, 5 जून 2021 को कोरोना महामारी कारण शहीद हुए एस.पी.ओ. दलबीर सिंह निवासी रजनी कालोनी कैथल तथा 16 फरवरी 2026 को मुजेसर फरीदाबाद में कैमिकल फैक्ट्री में आग लगने कारण लोगो को बचाते हुए आग से खुद झुलसने पर शहीद हुए पीएसआई रवि निवासी क्योड़क को श्रद्धांजलि दी और उनके परिजनों को सम्मानित किया।





कैथल। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन शहीदों को नमन करते हुए।

पुलिस जवानों के शौर्य और बलिदान को सलाम

प्रवक्ता ने बताया कि समारोह की शुरुआत मौन श्रद्धांजलि और राष्ट्रध्वज को सलामी के साथ की गई, जिसमें जिले भर से सैकड़ों पुलिस अधिकारी एवं जवान सम्मिलित हुए। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन, डीएसपी बीर भान, डीएसपी सुशील प्रकाश, डीएसपी हरदीप सिंह तथा पुलिस विभाग के अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा अमर शहीदों के बलिदान को याद कर पुलिस लाईन स्थित पुलिस स्मृति स्मारक पर पुष्प चक्र व फूल मालाएं अर्पित की गई। एसपी ने अपने जोशीले भाषण में कहा कि "पुलिस स्मृति दिवस कोई साधारण दिन नहीं, बल्कि पुलिस बल के त्याग, समर्पण व अनुकरणीय साहस का प्रतीक है। 21 अक्टूबर 1959 के दिन केंद्रीय आरक्षी पुलिस बल के बहादुर नौजवानों द्वारा हॉट स्प्रिंग्स, लेह-लद्दाख में देश की सीमाओं की सुरक्षा करते हुए चीनी घुसपैठियों के साथ हुई मुठभेड़ में 10 जवानों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया था।

खबर संक्षेप

आरकेएसडी में 15 दिवसीय 'जेन एआई रेडी नारी कार्यक्रम' शुरू

कैथल। आरकेएसडी महाविद्यालय, कैथल में प्रबंधक समिति की पहल पर नवीन जिंदल फाउंडेशन के नवीन अवसर इंटरनेशनल स्किल सेंटर तथा निमाया फाउंडेशन के सहयोग से छात्राओं के कौशल विकास एवं रोजगारपरक क्षमताओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 15 दिवसीय 'जेन एआई रेडी नारी' कोर्स का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के व्यावहारिक उपयोग से परिचित करवाना है।

बिजली वितरण लाइसेंस देना गलत : माजरा

कैथल। इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग



द्वारा इलेवन पावर प्राइवेट लिमिटेड को गुरुग्राम और नूंह में 25 वर्षों के लिए समानांतर बिजली वितरण लाइसेंस देने का निर्णय गलत है। यह हरियाणा के सार्वजनिक बिजली क्षेत्र, किसानों, ग्रामीण उपभोक्ताओं, गरीब वर्गों पर आने वाले समय में इसका सीधा नुकसान होगा। कंपनी महंगी बिजली देगी, आम लोगों पर इसका ज्यादा असर पड़ेगा। किसानों को जो खेतों में ट्यूबवैल्स पर जो बिजली सब्सिडी में मिल रही है, धीरे-धीरे यह खत्म हो जाएगी।

अनाज मंडियों में धान की खरीद जारी

जींद। जिले की अनाज मंडियों में धान की आवक और खरीद का कार्य निरंतर जारी है। गत दिवस तक जिले की विभिन्न अनाज मंडियों में कुल 90 हजार 612 मीट्रिक टन धान की खरीद दर्ज की गई है। उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन किसानों को फसल बेचने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने देगा। मंडियों में खरीद प्रक्रिया को सुचारू बनाए रखने के साथ-साथ खरीदे गए धान का उठान तेज करने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं खरीद एजेंसियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त ने कहा कि मंडियों में धान की आवक के अनुरूप आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं और खरीद प्रक्रिया की नियमित निगरानी की जा रही है।

महिलाओं के बनाए उत्पादों और खाने की गुणवत्ता का लिया जायजा

सांझा बाजार में नप चेयरपर्सन ने व्यंजन चखकर किया निरीक्षण

महिला स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सांझा बाजार महत्वपूर्ण पहल : डॉ. अनुराधा सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। खाना खाते हुए नप अध्यक्ष डॉ. अनुराधा सैनी। फोटो : हरिभूमि

नगर परिषद जींद की चेयरपर्सन डॉ. अनुराधा सैनी ने बुधवार को पुराने बस स्टैंड के पास स्थित सांझा बाजार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बाजार में संचालित दुकानों का जायजा लिया और वहां उपलब्ध उत्पादों तथा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान डॉ. अनुराधा सैनी ने सांझा बाजार की दुकानों पर कढ़ी, चावल और डोसा का स्वाद भी चख कर गुणवत्ता को परखा।

उन्होंने दुकानदारों एवं संबंधित लोगों से बाजार की व्यवस्थाओं, साफ.-सफाई और ग्राहकों को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। नप अध्यक्ष डॉ. अनुराधा सैनी ने कहा कि सांझा बाजार हरियाणा सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका मुख्य उद्देश्य महिला स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाना और महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के अवसर उपलब्ध करवाना है। इस प्रकार के बाजार महिलाओं को अपने हुनरए मेहनत और स्थानीय उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने के लिए एक मंच प्रदान करते हैं। इससे महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर मिलते हैं और वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में योगदान दे सकती हैं। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल महिलाओं को अवसर देने तक सीमित नहीं है बल्कि उन्हें अपने उत्पादों की बिक्री, आमदनी बढ़ाने और अपने काम को आगे बढ़ाने के लिए उचित मंच उपलब्ध करवाना भी जरूरी है। सांझा बाजार इसी दिशा में काम करने वाली पहल है, जहां महिला समूहों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को सीधे ग्राहकों तक पहुंचाने का अवसर मिलता है।

ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से बढ़ सकती है आय

डॉ. अनुराधा सैनी ने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल माध्यमों का महत्व लगातार बढ़ रहा है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को अधिक ग्राहकों तक पहुंचाने की संभावनाएं बनती हैं। स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को डिजिटल बाजार से जोड़ने के प्रयास महिलाओं के व्यवसाय को विस्तार देने में सहायक हो सकते हैं। इससे स्थानीय स्तर पर तैयार होने वाले उत्पादों को व्यापक बाजार मिलने और महिलाओं की आय बढ़ाने के नए अवसर पैदा हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि सांझा बाजार महिलाओं की मेहनत और आत्मनिर्भरता से जुड़ा मंच है। इसकी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियोंए दुकानदारों और स्वयं सहायता समूहों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना चाहिएए ताकि बाजार में आने वाले लोगों को अच्छा अनुभव मिले और महिला समूहों के उत्पादों को अधिक प्रोत्साहन मिल सके। इस अवसर पर नगर परिषद सचिव सुमित दहिया, सफाई अधिकारी नीलम देवी, जितेंद्र सिंगला, नसीब सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

एक ही छत के नीचे मिल रहे हैं विभिन्न प्रकार के उत्पाद

डा. अनुराधा सैनी ने कहा कि ऐसे बाजारों से स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ-साथ महिलाओं की उद्यमशीलता को भी प्रोत्साहन मिलता है। महिला समूहों को अपने उत्पादों की गुणवत्ता बनाए रखने, ग्राहकों की पसंद को समझने और अपने व्यवसाय को बेहतर बनाने पर ध्यान देना चाहिए। उत्पादों की गुणवत्ता, उचित मूल्य, स्वच्छता और ग्राहकों के साथ अच्छा व्यवहार किसी भी व्यवसाय की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सांझा बाजार में हस्तशिल्प, कपड़े, मसाले, हर्बल उत्पाद, दुग्ध उत्पाद और विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों सहित अनेक वस्तुएं उपलब्ध करवाई जाती हैं। इससे ग्राहकों को एक ही स्थान पर अलग-अलग प्रकार के उत्पाद खरीदने का अवसर मिलता है। साथ हीए स्थानीय स्तर पर तैयार होने वाले उत्पादों को पहचान और बाजार मिलता है।

विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान से आगे बढ़ा रचनात्मक सोच विकसित करें : डीईओ

■ कौशल बिजनेस चैलेंज 3.0 के तहत कक्षा 9वीं से 12वीं तक के शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। प्रशिक्षण में भाग लेते हुए अध्यापक। फोटो :हरिभूमि

जिले में कौशल बिजनेस चैलेंज 3.0 के तहत कक्षा 9वीं से 12वीं तक के शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डिफेंस कालोनी में शुरू हुआ। इसका उद्देश्य शिक्षकों को कार्यक्रम की प्रक्रिया से परिचित कराना और विद्यार्थियों को नए व्यावसायिक विचार विकसित करने तथा उद्यमशीलता के लिए प्रेरित करने में सक्षम बनाना है। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी देवी, जिला प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी व डाइट प्राचार्य महेंद्र सिंह, जिला परियोजना समन्वयक पुष्पा मोर, डाइट विशेषज्ञ एवं वरिष्ठ व्याख्याता सतीश शर्मा, व्याख्याता सुरेश, सहायक परियोजना समन्वयक रणधीर ढिल्लों, सहायक परियोजना समन्वयक सुरेंद्र ढुल, प्राचार्य नरेंद्र खटकड़ और जिला संसाधन व्यक्ति भजन लाल उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के पहले दिन कक्षा 11वीं से जुड़े 130 शिक्षकों ने हिस्सा लिया। एवीएस से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स ने प्रतिभागियों को कार्यक्रम की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी।

आरोही स्कूल सोंगरी की पूर्व छात्रा प्रति कौर का एचसीएस में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद



आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोंगरी की पूर्व छात्रा प्रति कौर ने हरियाणा सिविल सेवा (एचसीएस) परीक्षा में 24वीं रैंक हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रति कौर की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय में सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता आहूजा ने प्रति कौर को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी मेहनत, लगन, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रति कौर की उपलब्धि विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी राजौंद संदीप नैन ने भी प्रति कौर की उपलब्धि की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को जीवन में ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की जीव विज्ञान प्राध्यापिका डॉ. रीना सैनी ने किया। उन्होंने प्रति कौर के बचपन से लेकर 12वीं कक्षा तक के सफर और संघर्ष से जुड़े कई रोचक प्रसंग साझा किए। उन्होंने कहा कि प्रति कौर की सफलता के पीछे निरंतर मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। शिक्षा समिति ने भी प्रति कौर को सम्मानित किया।

वेदांता किड्स के खिलाड़ियों ने रोलर स्केटिंग में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना



नरवाना। बच्चों को सम्मानित करते प्रदीप नैन एवं सोनिया नैन। फोटो :हरिभूमि

वेदांता किड्स इंटरनेशनल स्कूल, वसंत विहार के होनहार विद्यार्थियों ने रोलर स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, प्रतिभा और खेल कौशल का परिचय देते हुए विभिन्न आयु वर्गों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किए। प्रतियोगिता के इनलाइन स्केट्स वर्ग में 8 से 10 वर्ष की आयु श्रेणी में रेयांश ने प्रथम स्थान तथा लविष ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। वहीं, क्वाड में आर्यवीर ने प्रथम स्थान आयु वर्ग 8 से 10 एवं दैविक ने द्वितीय स्थान आयु वर्ग 6 से 8 वर्ष ,हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

विद्यालय के निदेशक इंजीनियर प्रदीप नैन एवं सोनिया नैन ने खिलाड़ियों व स्केटिंग कोच सिमरन की सराहना करते हुए कहा कि खेल बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन, एकाग्रता और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। प्रधानाचार्य रश्मि जैन ने बताया कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना है, ताकि वे अपनी प्रतिभा के दम पर नाम रोशन कर सकें।

स्व. ईश्वर सिंह नैन के निधन पर राव नरेंद्र सिंह, बिश्नोई व सुरजेवाला ने जताया शोक

नरवाना। कृषक समाज के प्रदेशाध्यक्ष स्वर्गीय चौधरी ईश्वर सिंह नैन के निधन पर हरियाणा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, वरिष्ठ नेता कुलदीप बिश्नोई और आदित्य सुरजेवाला सहित अनेक राजनीतिक एवं सामाजिक हस्तियों ने गहरा शोक व्यक्त किया। स्व. ईश्वर सिंह नैन के निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके निधन को किसान एवं सामाजिक क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति के रूप में देखा जा रहा है। ईश्वर सिंह नैन सामाजिक गतिविधियों और कृषक समाज से जुड़े होने के कारण क्षेत्र में विशेष पहचान रखते थे। इस अवसर पर सर्वजातीय बिनैण खाप के प्रधान रघुबीर नैन, महामंत्री बलजीत फौजी, प्रवक्ता संदीप दनौदा और कोषाध्यक्ष राममेहर नैन ने भी स्व. ईश्वर सिंह नैन के निधन पर गहरा दुख जताया। उन्होंने शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में धैर्य और हिम्मत बनाए रखने की कामना की तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। स्व. ईश्वर सिंह नैन के निधन पर विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों द्वारा व्यक्त की गई संवेदनाएं उनके प्रति सम्मान और आत्मीयता को दर्शाती हैं।



नरवाना। स्व. ईश्वर नैन को श्रद्धांजलि देने पहुंचे काफी संख्या में राजनीतिक दलों के नेता।

शालू जिंदल 'सीएसआर पर्सन ऑफ द ईयर' अवॉर्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



शालू जिंदल

जिन्दल फाउंडेशन की चेयरपर्सन एवं सांसद नवीन जिंदल की धर्मपत्नी शालू जिन्दल को नई दिल्ली में आयोजित 19वें इंडिया सीएसआर लीडरशिप समिट एंड अवॉर्ड्स 2026 में 'सीएसआर पर्सन ऑफ द ईयर' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। महिलाओं के स्वास्थ्य, मातृत्व देखभाल, पोषण और आर्थिक सशक्तीकरण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियों को देखते हुए जिन्दल को यह सम्मान प्रदान किया गया है। उनके नेतृत्व में जिन्दल फाउंडेशन की प्रमुख पहल हरकदम अब तक 2,300 से अधिक वंचित गांवों तक पहुंच चुकी है। इस पहल के माध्यम से महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाओं, बेहतर पोषण, सुरक्षित मातृत्व और आर्थिक अवसरों से जोड़कर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है। हरकदम के तहत एनीमिया की जांच, उपचार और परामर्श के माध्यम से 9 लाख से अधिक किशोरियों को सहायता दी गई है। इसके अलावा 8.9 लाख से अधिक गर्भवती महिलाओं और हाल ही में मां बनी महिलाओं को प्रसव से पहले और बाद में जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इस पहल के तहत गंभीर कुपोषण से प्रभावित जिन बच्चों की पहचान की गई, उनमें से 90 प्रतिशत से अधिक बच्चों को स्वस्थ पोषण स्तर की ओर बढ़ने में मदद मिली है।

धान खरीद को लेकर किसान संघ ने मार्केट कमेटी चेयरमैन से की मुलाकात

पूंडरी। पूंडरी अनाज मंडी और आसपास के क्षेत्रों में धान की खरीद व उठान को लेकर किसानों को आ रही समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता प्रदेश प्रवक्ता रणदीप आर्य के नेतृत्व में मार्केट कमेटी के चेयरमैन सुभाष हजवाना से उनके कार्यालय में मिले। इस दौरान किसान संघ के कार्यकर्ताओं ने किसानों को मंडी में धान बेचने के दौरान आ रही परेशानियों से अवगत करवाया और इनके जल्द समाधान की मांग उठाई। किसान संघ के कार्यकर्ताओं ने कहा कि मंडी में धान की खरीद और उठान की व्यवस्था सुचारू होनी चाहिए, ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने मांग रखी कि अब किसान जो धान मंडी में लेकर आ रहे हैं, वह पूरी तरह सूखा है। इसलिए इस धान की समर्थन मूल्य पर खरीद सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही मंडी में जाम की स्थिति पैदा न होने दी जाए। चेयरमैन सुभाष हजवाना ने किसान संघ के कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। इस मौके पर श्रीराम मोहना और रामदिया नंबरदार भी मौजूद रहे।



पूंडरी। चेयरमैन सुभाष हजवाणा को समस्यों से अवगत करवाते हुए किसान संघ सदस्य।

423 प्राथमिक स्कूलों में कल होगी पीटीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। बैठक में भाग लेते हुए अध्यापक। फोटो : हरिभूमि

निपुण हरियाणा मिशन के तहत जिले के 423 सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में 23 अक्टूबर को अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया जाएगा। बैठक में जहां विद्यार्थियों की पढ़ाई और सीखने के स्तर पर चर्चा होगी, वहीं बच्चों और शिक्षकों की ओर से आकर्षक ढंग से निपुण रामलीला का मंचन भी किया जाएगा। इसके माध्यम से अभिभावकों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफएलएन) का महत्व समझाया जाएगा। साथ ही हाल ही में आयोजित पीरियोडिक असेसमेंट-1 (पीए-1) परीक्षा के परिणामों की समीक्षा कर बच्चों की शैक्षणिक प्रगति से अभिभावकों को अवगत कराया जाएगा। जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य विद्यालयों और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है ताकि बच्चों की पढ़ाई में आने वाली कठिनाइयों को समय रहते दूर किया जा सके। शिक्षा विभाग का प्रयास है कि प्रत्येक बच्चा अपनी कक्षा के अनुरूप पढने, लिखने और गणितीय गणना करने में दक्ष बने। इसके लिए विद्यालयों में नियमित शैक्षणिक गतिविधियों के साथ अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। पीटीएम का प्रमुख आकर्षण निपुण रामलीला होगी। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को भाषा और गणित की बुनियादी दक्षताओं से जोडने का संदेश रोचक एवं मनोरंजक तरीके से दिया जाएगा।

पीए-1 के परिणाम बताएंगे सीखने का स्तर

बैठक के दौरान शिक्षक पीए-1 परीक्षा के परिणामों के आधार पर प्रत्येक बच्चे की शैक्षणिक प्रगति पर अभिभावकों से चर्चा करेंगे। इसमें भाषा और गणित विषयों में बच्चों की उपलब्धियों के साथ उन दक्षताओं की भी पहचान की जाएगी, जिनमें उन्हें अतिरिक्त सहयोग की जरूरत है। जिन विद्यार्थियों को पढ़ने, लिखने, अक्षरों की पहचान, गणितीय गणना में कठिनाई आ रही है, उनके लिए सुधारात्मक प्रयासों पर जोर रहेगा। शिक्षक अभिभावकों को बच्चों की कमजोर दक्षताओं के बारे में जानकारी देंगे और उन्हें बताएंगे कि नियमित अभ्यास से इन कठिनाइयों को कैसे दूर किया जा सकता है। अभिभावकों को बच्चों की पढ़ाई में घर पर सहयोग करने के लिए व्यावहारिक सुझाव दिए जाएंगे।

निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारी आज और कल हड़ताल से पर रहेंगे

कैथल। बिजली निगम में निजीकरण के विरोध में जिले के करीब 1600 बिजलीकर्मी बृहस्पतिवार रात से तीन दिवसीय हड़ताल पर रहेंगे। हड़ताल के दौरान बिजली सप्लाई बाधित हुई तो पेयजल संकट भी गहरा सकता है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि हड़ताल में कच्चे कर्मचारियों के साथ एसडीओ और जेई भी शामिल होंगे। निगम के एसई के अनुसार, लाइन या ट्रांसफार्मर में खराबी आने पर उसे ठीक करने के लिए स्टाफ उपलब्ध नहीं होगा। ऐसे में बिजली व्यवस्था सुचारु बनाए रखना निगम के लिए चुनौती रहेगा। निगम ने उपभोक्ताओं से धैर्य रखने और सहयोग करने की अपील की है। बिजली कर्मचारियों की हड़ताल में निगम के एसडीओ और जेई भी शामिल होंगे। कर्मचारियों का कहना है कि बिजली निगम का निजीकरण होने से उनकी नौकरी और सेवा शर्तें प्रभावित होंगी। इसका असर उपभोक्ताओं पर भी पड़ सकता है। इसी के विरोध में कर्मचारी तीन दिन तक काम बंद रखकर विरोध दर्ज करवाएंगे।ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन के यूनिट प्रधान अमरदीप सिंह बनवाला ने कहा कि बिजली निगम का निजीकरण कर्मचारियों और उपभोक्ताओं, दोनों के हितों के खिलाफ है। उनका आरोप है कि सरकार ने बिना सूचना दिए नूंह और गुरुग्राम में निजी कंपनियों को बिजली सप्लाई का ठेका दिया है। इससे कर्मचारियों की नौकरी और सेवा शर्तों पर असर पड़ने के साथ आम उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ सकता है। उन्होंने बताया कि 22 और 23 अक्टूबर को पूर्ण हड़ताल रहेगी। इसके बाद राज्य कार्यकारिणी के फैसले के अनुसार अगली रणनीति तय की जाएगी। यूएचबीपीएन कैथल के अधीक्षक अभियंता भूपेंद्र सिंह ने बताया कि हड़ताल के दौरान बिजली सप्लाई बाधित होने पर उपभोक्ताओं को परेशानी हो सकती है। इसलिए पहले ही पानी का प्रबंध कर लें और मोबाइल चार्ज करने सहित अन्य जरूरी काम निपटा लें।

दुल खाप का 20 वां सम्मेलन 1 नवंबर को



राजौंद। दुल खाप का 20वां सम्मेलन इस बार गांव रामराय के चबूतरे पर आयोजित किया जाएगा। दुल खाप के मीडिया प्रभारी सुभाष बडसीकरी ने बताया कि सम्मेलन में खाप से जुड़े विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर विस्तार सेविचार-विमर्श किया जाएगा।उन्होंने बताया कि दुल गोत्र जाट समाज का प्रमुख गोत्र है। सम्मेलन में समाज के सभी वर्गों के लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चाहे कोई बड़ा अधिकारी हो या राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी, सभी को सम्मेलन में सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया जाएगा।सुभाष बढ़सीकरी ने कहा कि समाज को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से बचाने के लिए बच्चों और युवाओं को खेलों की ओर आकर्षित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295154800, 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

श्वेत पत्र की मांग पर बराला बोले—जनता 2029 के चुनाव में देगी जवाब

वोट डकैती बयान : बराला ने दुष्यंत को महम कांड की याद दिलाई

बराला ने आपातकाल पर कांग्रेस पर निशाना साधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना



उचाना। पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला।

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने पीआर धान की खरीद, वोट चोरी के आरोपों, श्वेत पत्र की मांग और सांसद दीपेंद्र हुड्डा के वायरल वीडियो को लेकर विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। बराला ने कहा कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता किसानों की फसल की खरीद और उन्हें सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। वहीं, वोट चोरी के आरोपों को उन्होंने निराधार बताते हुए कहा कि विपक्ष चुनावी हार की हताशा में जनता के बीच भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहा है। वे उचाना में अपनी बहन कौशल्या देवी के निवास पर पहुंचने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

दुष्यंत चौटाला के वोट चोरी के बजाय वोटों की डकैती होने के बयान पर बराला ने महम कांड का जिक्र करते हुए पलटवार किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को शर्मसार करने वाली घटनाओं को भूलकर विपक्ष आज लोकतंत्र की दुहाई दे रहा है। बराला ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए आपातकाल का जिक्र किया और कहा कि विपक्ष को अपने अतीत पर भी नजर डालनी चाहिए। दुष्यंत चौटाला के सीएम से श्वेत पत्र जारी करने की मांग पर बराला ने कहा कि प्रदेश की जनता ने लगातार तीसरी बार भाजपा को सत्ता सौंपी है। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर नौकरियों में पक्षपात और योग्य युवाओं के साथ अन्याय करने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता 2029 के विधानसभा चुनाव में अपना जवाब देगी।

राहुल गांधी के व्यवहार पर उठाए सवाल

राहुल गांधी द्वारा सांसद दीपेंद्र हुड्डा को गाड़ी से उतारे जाने के वायरल वीडियो पर बराला ने कहा कि यह केवल दीपेंद्र हुड्डा का नहीं, बल्कि हरियाणा की जनता का अपमान है। उन्होंने राहुल गांधी के व्यवहार को लेकर कई सवाल उठाए और आरोप लगाया कि वे बड़े नेताओं को भी अपने अधीन समझते हैं। बराला ने अन्य घटनाओं का जिक्र करते हुए कांग्रेस नेतृत्व पर निशाना साधा और कहा कि जनता ने इन घटनाओं को देखा है।

वोट चोरी के आरोपों पर कांग्रेस को घेरा

विपक्ष के वोट चोरी के आरोपों पर बराला ने राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए कहा कि 2014 के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार जनता का समर्थन मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनावी हार की हताशा में विपक्ष जनता के बीच भ्रम फैलाने के लिए वोट चोरी का प्रचार कर रहा है। बराला ने कहा कि भाजपा ने हर वर्ग के लिए काम किया है और इसी कारण केंद्र में लगातार तीसरी बार गैर-कांग्रेसी सरकार बनी है।